चौधरी औम प्रका ा (बेरी): उपाध्यक्ष महोदय, ऐजूके ान सिस्टम के बारे में कापिंग जैसे बडे अभि ााप पर श्री मनीराम केहरवाला जी ने जो प्रस्ताव रखा है मै उस पर बोलने के लिए खडा हुआ हू। नकल का अभि ााप हमारी स्टेट और पूरे मुल्क मे फैला हुआ है, इसके बारे में मै अपने विचार सदन के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं। इस प्रस्ताव के बारे में पूरे सदन की रिकमैंडे ान चाहिए। हमारे दे ा और प्रदे ा के अन्दर जो ि ाक्षा प्रणाली है वह बहुत ही डिफैक्टिव है और उसमें काफी सुधार की आव यकता है। इस बारे में मै कम्युनिस्ट कण्ट्रीज का उदाहरण रखना चाहूंगा। रि िया, चाईना, अलबेनिया, चैकोस्लवाकिया, रोमानिया आदि मुल्को में एजूके ान सिस्टम मै समझता हूं कि पूरी दिया में बेहतरीन सिस्टम है। साम्यवादी दे ाो में प्राइवेट कोई चीज नही है इसलिए वहां पर सारे स्कूल भी सरकारी ही होते है। सारे सरकारी सकूो में ि ाक्षा का एक ही ढांचा है ओर एक ही किस्म के सिलेबस से वहां ि ाक्षा दी जाती है। वहां पर सबसे बढिया बात यह है कि सभी विधार्थियो के लिए एक ही कपडे से ड्रैस बनवाई जाती है ताकि बच्चो में हीन भावना पैदा न हो। हमारे यहां साहुकार का बच्चा बहुत बढिया कपडे की ड्रैस पहन कर स्कूल में जाता है तो लाजिमी तौर पर गरीब बच्चे के दिमाग मे यह भावना जरुर आएगी कि वह उसके बच्चे से हीन

है। अगर बच्चे के मन मे हीन भावना बैठ जाएगी तो उसके दिमाग का सही विकास नही हो सकेगा। इस बारे में मेरा यह सुझाव है कि ड्रैस के लिए बे ाक पेरैन्टस से पैसे ले लिए जाए लेकिन सारे बच्चो के लिए एक ही कपडे की ड्रैस होनी चाहिए ताकि निर्धन बच्चो के अंदर हीन भावना न पनपे। कम्युनिस्ट कण्ट्रीज के अन्दर जो व्यक्ति जिस नगर में रहता है उसके बच्चे उसी नगर के स्कूल मे पढेगे। 'ए' मौहल्ले के नागरिक को कोई अधिकार नही है कि वह अपने बच्चे को पढने के लिए 'बी' मोहल्ले में भेजे। उस गांव में जो स्कूल है उसी किस्म की ि ाक्षा उसको उपलब्ध होगी उसे कोई अधिकार नही है ि कवह अपने बच्चे को पढने के लिएउस गांव से कही बाहर भेजे। उपाध्यक्ष महोदय, मै यह कहनाचाहता हूं कि इस सिस्टम को यहां पर भी लागू किया जाना चाहिए। (विघ्न) इसके लिए मै यह कहूंगा कि सारे दे ा के अन्दर एक जैसे स्कूल होने चाहिए, उनका स्टैण्डर्ड एक जैसा होना चाहिए जिससे हम यह कह सके कि यहा के सारे नागरिको को एक जैसे अधिकार प्राप्त है। हमारे संविधान में आर्टिकल 14 में हमस ब को बराबर अवसर देने की बात कही गई है। संविधन के अन्तर्गत बच्चो को हमने बराबर के अवसर देने है। बराबर के अवसर तभी दिए जा सकते है जब एककिस्म की तालीम बच्चो को देंगे। लेकिन एक बच्चा तो सात हजार, आठ हजार या नौ हजार रुपये माहवार देकर मंसूरी के या देहरादून के पब्लिक स्कूलो में पढकर आता है और एक गरीब का बच्चा अंधेरी गलिया के स्कूलो में पढे तो दिमागी तौर पर तो उसकी ि ाक्षा में फर्क होगा। इसलिए यह पब्लिक

स्कूल बिल्कुल बैन होने चाहिए। सारे दे ा में सिर्फ एक ही किस्म के स्कूल होने चाहिए ताकि हम दम–खम के साथ कह सके कि हमने अपने संविधान की पूरी पालना की है और जो कुछ संविधान मे कहा है, उसके अनुसार तालीम में बराबर के अवसर अपने बच्चो को दिए है। तो इससे मेरे ख्या लमे बच्चो में कम्पीटी ान की भावना भी आएगी और गरबी का बच्चा तरककी करके इंजीनियर, डाक्टर और क्लास वन आफिसर भी बन सकेगा। तब तो बात कुछ ठीक भी है। हम कहने के लिए तो बराबरी की बात कह देते है लेकिन प्रैक्टीकली यह बिल्कुल अलग बात है। हमें अपने बचचो को बराबर अवसर प्रदान करने चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, ि ाक्षा के नाम पर देख लिजिए, लोग कहते है कि राजनीति भी अब कमर्ि ायल हो गई है या और भी दूसरी चीजे कर्मि ायल हो गई है। मै यह कहता हूं कि हिन्दुस्तान में ि ाक्षा भी कमर्ि ायल हो गई है, उसका भी व्यापारीकरण हो चुका है। बहुत से लोगो ने धन कमाने के लिए पब्लिक स्कूलो के नाम से दुकाने चला रखी है। घर–घर में गलियो में पब्लिक स्कूलो के अंग्रेजी स्कूलो के नाम से चलाए हुए है। जो हमारे बच्चे का भाोशण करते है, जो हमारे बच्चो को गुमराह करते है और समाज के साथ धोखा करते है। इसलिए मै तो यह कहना चाहूंगा कि प्राइवेट इन्स्टीच्यूट बिलकुल बनद होने चाहिए और सारे के सारे सरकारी स्कूल होने चाहिए तथा उनमें एक ही तरह की ि ाक्षा होनी चाहिए। तब हम कह सकते है कि हम लोगो को बराबर के अवसर दे रहे है। इसी के साथ मै एक बात और कहना चाहूंगा कि हम प्राइवेट स्कूलो में

टीचर लगाने के लिए क्या क्वालीफिके ान रखते है। मैट्रिक पास करके जे0 बी0 टी0 का कोर्स करने वाले मास्टर बन जाते है, ड्रांईग का कोर्स करने वाले ड्रांईग मास्टर लग जाते है, इसी तरह से बी0 ए0, बी0 एड0 करने वाले को एस एस मास्टर लगा देते है, मैथेमैटिक्स से बी0 ए0 कर लिया तो मैथेमैटिक्स का मास्टर लग गए या साइंस मास्टर बन गए। यह कोई क्वालीफिके ान नही है। उपाध्यक्ष महोदय, मै आपको बताना चाहता हू। उपाध्यक्ष महोदय, आप भी विदे ा गए है, मैने भी इस बारे में पढा है और जो दूसरे दे ाो से होकर आए है उनसे बातचीत के बाद मुझे पता चला है कि रि ाया और चाईना में प्राइमरी स्कूला का जो टीचर है उसकी क्वालीफिके ान पोस्ट ग्रजूएट या एम0 ए0 पी0 एच0 डी0 से कम नही है। आपको सुनकर ताज्जुब भी होगा कि उनका पे स्केल भी युनिवर्सिटी के लैक्चर्ज से ज्यादा है। जो प्राइमरी स्कू का टीचर हो वह हाई एजूकेटिड आदमी होना चाहिए और हमारे दे ा में ऐसे आदमियो की कमी नही है। बहुत से नौजवान जिनको नौकरी नही मिलती है वे अपने गावो में फ्री घूमते रहते है उनमे से बहत एम0 ए0 और पी0 एच0 डी0 भी है उनको प्राइमरी स्कूलो में आप लगाएं। साथ ही स्कूलो में साईकोलोजिस्ट भी होने चाहिए ताकि हम बच्चो को मैनोवैज्ञानिक ढंग से जान सकेकि यह बच्चा हमारे दे ा के लिए कोन कौन सी लाईन में जाकर ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। हमे अपने दे ा की बात सोचनी चाहिए, अपनी नही सोचनी चाहिए लेकिन हमारी सोच क्या है? हर माता–पिता यह इच्छा करता है कि हमार बच्चा बडा होकर इंजीनियर या डाक्टर

बने, एच0 सी0 एस0 बने या आई0 ए0 एस0 आफिसर बने और यह बनने के लिए ही नकल को बढावा मिलता है क्योंकि इंजीनियरिंग कालेजो में दाखिला लेने के लिए कम्पीटी ान है और चूंकि हमारी आज सोच ही इस प्रकार की हो गयी है कि हम अपने बच्चो को डाक्टर या इंजीनियर ही बनाना चाहेगें। दक्षिणी भारत मे खास तौर पर धन कमाने के लिए इंजीनियरिंग कालेजो की तादाद भी इसलिए बहुत बढी है और मैडिकल कालेजो की तादाद भी बहुत ज्यादा हुई है। हमें यह सोच बदलनी चाहिए और हमें हर स्कूल के अन्दर या हर इलाके के अंदर एक बोर्ड कांस्टीच्यूट करना पडेगा जो हमें बतायेगा कि किस बच्चे को क्या पढाया जाए। उसकी वीकली टैस्ट होना चाहिए क्योंकि ऐनुअल टैस्ट से बात बनने वाली नही है। मै तो यह कहता हूं कि बच्चो के लिए साप्ताहिक टैस्ट होना बहुत ही जरुरी है। बच्चो को यह अधिकार होना चाहिए कि वे मैट्रिक तक याह सीनियर सैकेण्डरी स्कूल तक पढे लेकिन बोर्ड कांस्टीच्यूट करने का जो मैने सुझाव दिया है, उसमें बोर्ड इस बात का फैसला करेगा कि फलां बच्चो हैल्पर बनने के या मैकैनिक बनने के काबिल है और फलां बच्चो युनिवर्सिटी में लैक्चरार या टीचर बनने के काबिल है। इसी हिसाब से यह बात तय होनी चाहिए। अब अगर इस बात का फैसला पेरेन्टस करने लग जाएं तो कोई भी माता–पिता यह नही चाहेगा कि उनका बच्चा डाक्टर से नीचे बने या इंजीनियर से कम बने। उपाध्यक्ष महोदय, इसलिए वह बोर्ड यह फैसला करेगा कि यह बच्चा अगर इंजीनियर बनेगा तो हमारे दे ा के लिए ज्यादा लाभदायक साबित

होगा या नही होगा तो इस किस्म की बातें है। हमारी सोच राश्ट्रीयता की सोच की तरह तभी हो सकती है जब ऐसा कुछ हो। आज हमारी सोच सैल्फ सैन्टर्ड होकर रह गयी है। हम इतने स्वार्थी हो गये है कि हम केवल अपने अपने बच्चो की ही भलाई की बाते करते है। कभी अपने स्टेट की या कभी अपने दे ा की बातें हम नही करते कि इनके इंजीनियर बनने से या डाक्टर बनने से दे ा को फायदा होगा या नही। हमारी सोच तो यह होनी चाहिए थी लेकिन सोच हमारी यह है कि वह डाक्टर या इंजीनियर बनने के बाद चाहे दे ा के लिए फायदेमंद हो या न हो लेकिन उसको अपने बच्चे को डाक्टर या इंजीनियर जरुर बनाना है। उपाध्यक्ष महोदय, ऐसी हमारी आज सोच बनकर रह गयी है। इस सिस्टम का हमें सुधार करना होगा। इसमें काफी कमियां है, इसलिए इसमें सुधार लाने की जरुरत है। अगर यही हमारी सोच रही तो जो कापिंग करने का, नकल करने का एक बडा अभि ााप हमारे दे ा के अन्दर खासतौर पर हमारे प्रदे ा के अन्दर पनपा है, उसको हम नही मिटा सकते क्योंकि नकल का सहारा लेकन हर पैरेन्टस यही चाहता है कि उसका बच्चा डाक्टर या इंजीनियर जरुर बने। इसलिए इसमें सुधार लाने की जरुरत है। उपाध्यक्ष महोदय, मै आपको अपना ही उदाहरण देकर बताना चाहता हूं कि मुझे इंजीनियर बनने का कोई भाौक नही था, क्योंकि मेरा उसमें इंट्रस्ट नही था लेकिन मेरे घर वो यही चाहते थे कि मै इंजीनियर बनू इसलिए जोर–जबरदस्ती से मुझे बिडला इंजीनियरिंग कालेज, पिलानी में दाखिला दिलवा दिया और इसका यह नतीजा हुआ कि

मुझे 6 महीने के बाद ही वह कालेज छोडना पडा। उसके बाद मैने अपने मन के मुताबिक काम किया। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, मेरा यही कहना है कि स्कूलो में साइकोलोजिस्ट की जरुरत है क्योंकि वह इस बात को तय करेगा कि इस बच्चे का ऐटीच्यूड क्या है, इस बच्चे को किस लाईन में जाना चाहिए। जोर–जबरदस्ती किसी बच्चे के साथ भी नही करनी चाहिए और जोर–जबरदस्ती दे ा के साथ भी नही करनी चाहिए। किसी भी फिल्ड में वहां टेलेन्टिड आदमी तभी जा सकते है जब वहां पर अपने दे ा में ही ि ाक्षा का इंतजाम ठीक ढंग से हो। इस तरह से उपाध्यक्ष महोदय, मैने प्राइवेट इंस्टीच्यू ान के बारे में अपनी बातें कही। इसके अलावा जैसा कि श्री मनीराम जी ने कहा कि नकल में सुधार हुआ है, या कंट्रोल हुआ है, मै इस बात को नही मानता। नकल अब भी पूरे जोर भाोर स`चल रही है। यह किसी को खु ा करने वाली बात नही है। मै तो इस बात के लिए सरकार को दोशी नही मानता। इसके लिए तो हम सब दोशी है। मै आपको उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं कि टीचर्ज भी इसमे ंपीछे नही है। टीचर्ज कहते है कि हमें प्रमो ान तभी अच्छी मिलेगी जब रिजल्ट अच्छा रहेगा। होता यह है कि जहां पर चैकिंग का ठीक से इंतजाम नही होता, वहा ंपर बोर्ड पर सवाल हर कर दिये जाते है और कहा जाता हैकि नकल करो और पास हो जाओ। नकल करवाने के लिए यहां तक होता है कि बच्चे की मां खाना बनाने के समय अपने घरवाले से या रि तेदार से कहती है कि तुम तो यहा ंबैठे हो और बच्चा वहां इम्तिहान देने गया हुआ है। यानी उसकी भी नकल करवाने

के लिए स्पे ाल डयूटी लगवाई जाती है। इसी तरह से टीचर्ज भी अपनी डयूटी वि ोश स्कूल में लगवाते है ताकि पैसा कमाया जा सके। मै तो कहता हूं कि वहां बच्चो से भी चन्दा एकत्र किया जाता है और जो स्टाफ डयूटी पर आता है उसको भाराब भी पिलाई जाती है, पैसे भी दिए जाते है और गिफट भी दिये जाते है, यहा तक हालात आज खराब हो चुकी है और मै तो यह भी कहूंगा, वैसे मुझे कहना तो नही चाहिए कि पुलिस के लोग भी स्कुलो में पर्चियां फेंकते हुए देखे गये है। इस प्रकार से सारा आवा का आवा बिगडा पडा है। समाज में बडा भारी सुधार लाने की जरुरत है। समाज मे बडा भारी सुधार लाने की जरुरत है। मै तो कहूंगा कि अगर कापिंग नही रोकी गयी तो पता नही दे ा कहां चला जाएगा? आज जो हमारे नौजवान ग्रेजुए ान कर चके है वे एक ऐप्लीके ान तक नही लिख सकते है, आज इस तरह के हालात हो चुके है। उपाध्यक्ष महोदय, आप ही बताइये कि क्या ये दे ा ऊंचा उठा पायंगे, क्या दे ा आगे जाएगा? इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि कापिंग, जो बहुत बडा अभि ााप है, को रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए और यू0 पी0 के पैटर्न पर एक कानून बनाना चाहिए। इंडियन पैनल कोड में एक नया सेक ान जोड कर कानून बनाना चाहिए जिसमें नकल करवाने वाले को, चाहे वह बच्चे का बाप हो, चाहे वह टीचर्ज हो, चाहे वह बच्चा हो, कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान होना चाहिए। डटरेन्ट पनि ामैंट जब तक आप नही करेगे तब तक इस समस्या पर काबू नही पाया जा सकता और अगर इस समस्या पर

काबू नही पाया जाएगा तो लाजिमी तौर पर इसके नतीजे बडे खराब होगे और दे ा गर्त में चला जाएगा। उपाध्यक्ष महोदय, मै दावे के साथ कह सकता हूं कि कापिंग बडी तेजी से बढ रही है। इसके लिए लोगो मे झगडे भी होते है। जो आफिसर्ज या स्टाफ इस कापिंग को रोकना चाहते है उनके साथ हाथापाई भी हुई है, यहां तक कि क्रिमिनल केसिज भी हुए है। यह ऐसा मामला है जिसको सरकार को अच्छी तरह से सख्त कदम उठाकर रोकने का भरकस प्रयत्न करना चाहिए ताकि हम अपने दे ा को, अपने प्रदे ा को इस बहुत बुरे अभि ााप से बचा सकें और अपने प्रदे ा की सेवा कर सके। इसके साथ साथ केहरवाला जी ने नैतिक ि ाक्षा के बारे में बहुत बढिया बात कही है। मुख्यमंत्री जी ने भी एक ब्यान में कहा था कि आने वाले साल से हर स्कूल के अन्दर नैतिक ि ाक्षा का एक आव यक पीरियड लगाएंगे। हम यह देखते है कि हमारे अंदर राश्ट्रीयता की भावना बहुत कम रह गई है। महात्मा गांधी दे ा की बात करते थे, जवाहर लाल नेहरु दे ा की बात करते थे लेकिन हमारी सोच इतनी गिर गई है कि हम अपनी अपनी बात करते है, दे ा और प्रदे ा की बात नही करते है। हम अपने में सीमित होकर रह गए है दे ा भाड में जाए, प्रदे ा भाड में जाए। नैतिक ि ाक्षा के द्वारा हम अपने बच्चो को बता सके कि हमारा मुल्क क्या है उसके प्रति हमारे कर्तव्य क्या है, क्या हमारे राइट्स है? आज हम अपने राइटस की मांग तो करते रहते है परन्तु अपने कर्तव्य का पालन नही करते जबकि rights and duties are co-related. अगर हम अपना कर्तव्य पूरा

नही करते तो हमें हक मांगने का अधिकार नही है। इस वजह से हम पिछड गए है क्योंकि डिसिप्लन नाम की चीज नही रह गई है अनु ाासनहिनता इतनी आ गई है और ये नीचे से भाुरु हुई है। अब आप देंखे एक परिवार है, अगर हम उसके हैड का कहना नही मानेंगे तो कैसे काम चलेगा? इसी ढंग से परिवार के बाद मौहल्ला, मौहल्ले के बाद गांव, गांव के बाद भाहर, भाहर के बाद स्टेट, स्टेट के बाद दूसरी स्टेट और फिर मुल्क बन जाता है। यह अनु ाासन की भावना नीचे से जागृत की जाती है, अनु ाासनहीनता बहुत ज्यादा हो चुकी है। इसलिये हमारे मुल्क के अंदर नैतिक ि ाक्षा की बडी जरुरत है। जब तक नैतिक ि ाक्षा नही आएगी, राश्ट्रीयता की भावना नही आएगी तब तक ठीक नही होगा। अगर हम अपने दे ा की बात नही करेंगे तो यह दे ा कहा जाएगा? यह दे ा तबाह हो जाएगा। इसलिए राश्ट्रीयता की भावना अपने में, अपने बच्चो में पैदा करने के लिए नैतिक ि ाक्षा जरुरी विशय के रुप में उभरकर सामने आए।

इसके साथ–साथ मै स्पोर्टस के बारे में एक बात कहना चाहूंगा। स्पोर्टस से अनु ाासनहीनता में काफी हद तक सुधार आ सकता है, हम स्पोर्टस पर कम ध्यान दे रहे है। कम्यूनिस्ट कंट्रीज में ि ाक्षा का स्तर बहुत उंचा है, सिस्टम आफ एजूके ान बहुत बढिया है, इसी वजह से कम्यूनिस्ट कंट्रीज ने हर क्षेत्र में बहुत तरक्की की है। पावर के मामले में रि ाया दूनिया की पहली ताकत है और वह स्पोर्टस के मामले में भी नंबर एक पर है,

क्योंकि वहां अनु ाासन है, राश्ट्रीयता की भावना है। ईस्ट जर्मनी और वैस्ट जर्मनी अब तो एक कंट्री हो गए हैं पहले इनमें एक सामयवादी मुल्क था। छोटा सा दे ा होते हुए भी 11–12 गौल्ड मैडल, सिल्वर मैडल, ब्रौंज मैडल हमे ाा जीतकर वे लाते रहे। यही यूगौस्लाविया, रोमानिया और क्यूबा की हालत थी। देख लिजिए इन मुल्को ने दुनिया के हर क्षेत्र में तरक्की की है। कम्यूनिस्ट कंट्रीज का मैने उदाहरण दिया है, वह ठीक है आप उदाहरण के तौर पर नजरे घुमाकर देख ले कि उन मुल्को में ठीक ि ाक्षा–प्रणाली थी इसलिए उन्होने हर क्षेत्र में तरक्की की। इन भाब्दो के साथ मै आ ाा करता हूं कि ठीक किस्म की ि ाक्षा–प्रणाली अपनी स्टेट के अंदर अपनाएंगे। साथ ही यह बात भी कहूंगा कि ि ाक्षा को जौब ओरिएन्टिड बनाना चाहिये। हमारे नौजवान सिम्पल ग्रेजुएट होने के बाद उनके अन्दर कोई वि ोश काबलियत तो होती नही है, सिवाये इस बात के कि वह बाबू बन जाये। हम अपने बच्चो को ऐसी ि ाक्षा प्रदान करे जिससे उनके अन्दर कोई टैक्नीकल स्किल आये। उनको प्रैक्टिकल ि ाक्षा दे ताकि अगर उनको सरकारी नौकरी न मिले तो वे अपनी कोई प्राइवे वर्क ाप वगैरह खोल कर अपने परिवार का गुजारा चला सके और अपने मुलक की सेवा कर सके और दे ा के काम आ सकें। इसी किस्म के पौलिटैक्निक इन्सटीच्यूट और आई0 टी0 आई0 वगैरह लडकियो के लिये भी हम खोलें। ऐसे इंस्टीच्यू ंज खोले जिन से ि ाक्षा के स्तर में काफी सुधार किया जा सके। इस बात की ओर सरकार वि ोश रुप से ध्यान दे, अगर

आप ि ाक्षा के मामले में प्रदे ा को ऊंचा उठाना चाहते हो। अगर हमारा प्रदे ा ि ाक्षा मामले मे एक बार ऊपर उठ गया तो हरके मामले में खुद–ब–खुद ऊपर उठ जायेगा। इन भाब्दो के साथ मै अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री राम पाल सिंह कंवर (घरौण्डा): डिप्टी स्पीकर साहब, श्री मनी राम केहरवाला जी का जो एजूके ान सिस्टम में सुधार करने के बारे में रैजेल्यू ान इस हाउस में आया है, मै उस पर अपने विचार देने के लिए खडा हुआ हूं। किसी दे ा को ऊंचा उठाने के लिए नै ानल करैक्टर की आव यकता होती है। यदि किसी दे ा का ने ानल करैक्टर अच्छा नही होगा तो चाहे आप कितना ही जोर लगा ले, वह दे ा आगे नही बढ सकता। किसी दे ा का नै ानल करैक्टर बनाने के लिए अच्छे विधार्थियो का होना बहुत जरुरी है। विद्या ग्रहण जब तक नही की जाएगी तब तक मनुश्य का जीवन अंधकारमय ही रहता है। आपको अध्ययन करने के लिये कुछ न कुछ अक्षरो की जानकारी होना आव यक है, चाहे वह अखबारो का अध्ययन करना चाहते है या किसी किताब का अध्ययन करना चाहते है, यही तभी सम्भव हो सकता है जबकि आपने विद्या प्राप्त की हो। विद्या प्राप्ति बारे कुछ गाईड लाईन्ज ली हो। आज दे ा के अन्दर जगह जगह यह बात कही जा रही है कि आज हमारे कंट्री के अन्दर हजारा करैक्टर नीचे के स्तर की तरफ जा रहा है। आज हम देख रहे है कि सामने बडी समस्या नौकरियो की है ंडिग्रीयां हाथ में लेकर बेरोजगार भटकते

फिर रहे है लेकिन उनको नौकरी नही मिलती। आपको यह भी पता है कि नौकरियो का भी सीमित दायरा है। उस दायरे के अन्दर ही नौकरियो को प्राप्त कर सकते है। इसके बाद मै यह भी कहूंगा कि यदि हम अपना एजूके ान सिस्टम नही बदलेंगे तो एक प्रौब्लम और बढेगी। यह प्रौब्लम इतनी विकट प्रोब्लम बन जाएगी कि भाायद इसको संभालना किसी भी सरकार के बस की बात नही रहेगी। आज जगह जगह उपद्रव हो रहे है। देखने में यह आता है कि ज्यादातर पढे लिखे नौजवान जो खाली बैठेहै, जिन्हे नौकरी नही मिल रही है, वे ही ज्यादातर उनमें संलिप्त पाये जाते है। जिस तरह से केहरवाला साहब ने कहा है कि और बेरी साहब ने भी कहा है कि जब तक हम अपने ऐजूके ान सिस्टम को नही बदलेंगे तब तक हम कामयाब नही हो सकते। जब तक हम प्राइमरी स्कूलज में यह नही देखेंगे कि बच्चे का किस चीज में इन्ट्रस्ट है, वह किस तरफ जाना चाहता है, कौन सी लाइन वह अपनाना चाहता है तब तक हम एजूके ान में तरक्की नही कर सकते और न ही बेरोजगारी की समस्या को खत्म कर सकते है। इसलिये यह बहुत ही जरुरी बात है कि प्राइमरी स्कूलो में ही हमें अपने बच्चो को देखना चाहिए कि वह कौन से सबजैक्ट में इंट्रस्टीड है, कौन सी लाइन वह लेना चाहता है। मैट्रिक तक पहुंचने पर अगर हम उसको दि ाा सही नही दे पायेंगे तो आगे चलकर उसके लिये मु ि कल हो जायेगा और वह कालेज मैं जाकर सही लाईन नही पकड सकेगा। आखिर में आजकल क्या होता है। वह फैसला इस तरह से करता है। नान–मैडिकल और मैडिकल मे तो भाायद वह

नही चल पायेगा इसलिये वह आर्टस क्लासिज में बी0 ए0 हो जाएगा। जब डिग्री हो जाएगी तो जीवन में सुधार करने की बजाए जीवन में नाकामयाब ही रहेगा। वह डिग्री तो प्राप्त कर लेता है लेकिन जीवन में वह डिग्री बहुत कम काम आती है। बल्कि उसका जीवन सुधारने की बजाए, जीवन खराब हो जाता है क्योंकि ऐसी स्थिती मं पहुंच जाता है जब कालेज में तो व्हाइट कॉलर और अच्छी जिंदगी बसर करता है लेकिन जब कालेज से बाहर आता है तो उसको जीवन व्यतीत करने के लिये कोई साधन नही मिलता तो वह कोई गलत रास्ता पकडने के लिए मजबूर हो जाता है। जैसा कि मेरे से पहले बोलने वाले दोनो साथियो ने कहा कि प्राइमरी क्लासिज के बच्चो के बारे में जानना बहुत जरुरी है। उसका जायजा लेने के लिए साइक्लोजीकली उसको स्टडी करना होगा जिससे कि आगै चलकर ऐसी लाइन ऐडाप्ट करे जिससे कि वह सफल हो सके।

जौब ओरिएन्टिड ऐजूके ान के बारे में अभी मेरे साथियो ने कहा है कि हमें टैक्नीकल ऐजूके ान की तरफ ज्यादा जोर देना होगा। उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि सरकार ने फैसला किया है कि हम ब्लोक लैवल पर आई0 टी0 आई खोलकर, पोलीटैक्निक इनस्टीच्यू ान्ज ज्यादा खोलकर बच्चो को इस तरफ आकर्शित कर सकेगें। पढने के बाद अगर उनको सरकारी नौकरी नही मिलती और अगर उनको टैक्नीकल ज्ञान है तो वे अपने जीवन का गुजारा कर सकते है लेकिन बुकि ा नौलिज से उनको

परे ानी होती है क्योंकि उस नालेज से वे गुजारा नही कर सकते। मेरा सुझाव है कि सरकार ने जो फैसला किया है कि वह ब्लौक लैवल पर पोलिटैक्निक खोलेगी उसको अमली जामा पहनाकर ज्यादा से ज्यादा बच्चो को टैक्नीकल एजूके ान देने की तरफ ध्यान देगी और इससे बेरोजगारी की प्रोब्लम हल करने में काफी सहायता मिल सकेगी। आजकल देखने में आया है कि प्राइमरी क्लासिज में इतने ज्यादा कोर्सिज बना दिए है कि बच्चे अपना बस्ता उठाकर स्कूल तक नही जा सकते। किताबो को भी बोझ बहुत ज्यादा हो गया है जिसके कारण बच्चो की कमर तक झुक जाती है। उपाध्यक्ष महोदय, हम लोग भी पहले पढे है। तख्ती पर कलम से लिख करते थे और अ आ से ही क्ला भ्रु करते थे। हमने ला भी किया है और यहां तक पहुंचे है। क्या उस जमाने में इंजीनियर नही बना करते थे। क्या उस जमाने में आई0 ए0 एस0 और आई0 पी0 एस0 नही बनते थे। हमारे दे ा में बहुत काबिल लोग हुए है और वे लोग केवल आ आ ही पढकर हुए है। उपाध्यक्ष महोदय, जो बच्चे आज प्राइमरी क्लासिज में पढते है वे कागज पर बाल पैन तथा दूसरे पैन से लिखते है। जिस कारण उनकी हैंड राइटिंग बहुत ही खराब हो जाती है। मेरा सुझाव है कि कम से कम प्राइमरी क्लास के बच्चो के हैंड राइटिंग की तरफ वि ोश ध्यान देना चाहिए। उनको तख्ती पर लिखवाना चाहिए। उनको आदत डालती चाहिए कि वे तख्ती पर साफ लिखे और अपनी हैंड राइंटिंग को सुधारें। उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर पब्लिक स्कूल्ज की बात आई। पब्लिक स्कूलो के बच्चो को इतनी किताबे

लगा दी जाती हैं कि बच्चो को समझ ही नही आत कि वे अपने कोर्स को कैसे खत्म करें। कुछ किताबो तो खोलकर भी बच्चे नही देख पाते। मै बेरी साहब के साथ सहमत हूं कि पब्लिक स्कूलो को बन्द कियाजाए ताकि सभी बच्चो को पढने का समान अवसर मिल सके और भी बच्चे कम्पीटी ान में बैठ सकें। उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर 10+2 का जिक आया। मै यह महसूस करता हूं कि भाायद उस वक्त बेरोजगारी की समस्या बहुत ज्यादा थी ओर सभी बच्चे चाहते थे कि उनको नौकरी दी जाए। भाायद उस वक्त लोगो ने बैठकर यह फैसला सरकार से करवा दिया कि डिग्री क्लासिज में एक साल और बढा दिया जाए जिससे कि बेरोजगारी की बीमारी कुछ और दिन लम्बी चल जाए। यही कारण है कि एक साल बढा दिया गया। लेकिन मेरे ख्याल से बीमारी तो वहीं की वहीं है और 10+2 का कोई लाभ नही हुआ। जिस प्रकार से दसवीं के बाद सिस्टम था, ठीक उसी प्रकार का सिस्टम लागू किया जाए। मै उस सिस्टम को स्पोर्ट करता हूं।

13:00 बजे

उपाध्यक्ष महोदय, अब मै सिलेबस के मूताल्लिक कुछ कहना चाहूंगा कि सिलेबस चेन्त करने के लिए कुछ समय निर्धारित कर दिया जाना चाहिये। मेरी सजे ान है कि इसके लिये कम से कम कुछ पीरिय निर्धारित किया जाए ताकि बच्चो का हित हो। जल्दी से सिलेबस चेन्ज करने की प्रवृति सरकार को त्यागनी

चाहिये। इससे बच्चो को काफी लाभ होगा। कम से कम से सिलेबस 5 साल तक रहना चाहिये।

इसी तरह से उपाध्यक्ष महोदय, नकल के बारे में भी मै अपने विचार रखूंगा। आज मुल्क के अन्दर बच्चे की परीक्षाओ में नकल खुद होती है जिसको रोका जाना चाहिए। इस बारे में, पिछले साल अखबारो में भी छपा था और लोगो को इसकी जानकारी भी है कि पेपर्ज की लीकेज हुई थी। यहां तक की सोलवड पेपर्ज बिके थे जिससे बोर्ड की बदनामी हुई है। इस तरह से बहुत से लोगो ने बोर्ड के उपर इल्जाम लगाया था। मेरे विचार के अनुसार पेपर्ज लीकेज के दो तीन सोर्स हो सकते है। दूसरा सोर्स बोर्ड का है जो पेपर्ज छपवाता है। तीसरा लीकेज का सोर्स है वह प्रैस जहां से प्रपर्ज छपते है। अगर इन दोनो तीनो को प्लग कर दिया जाए तो कुछ हद तक इस पर रोक लगायी जा सकती है लेकिन पिछले साल जो कुछ हुआ उससे भद्दी बात और कोई हो नही सकती। नकल के बारे में, मै विस्तार से बताना चाहता हूं कि सैन्टर्ज में नकल किस तरीके से होती है? सैन्टर्ज में नकल एक हालत में तब होगी, जब वहां पर का सुपरवाइजरी स्टाफ मिला होगा और वह स्टाफ ही बच्चो को नकल करवाएगा। दूसरे हमारे सिक्योरिटी वाले पुलिस कर्मी है, उनकी मदद से भी नकल कराई जाती है। इस से उल्ट अगर वहां का सुपरवाईजरी स्टाफ और सिक्योरिटी स्टाफ सिनसीयर होगा तो तभी नकल में पूरा हाथ होता है। वे भी नकल करवाने के लिए बच्चो के साथ जाते है।

मेरे किसी भाई ने कहा कि घर वाली अपने पति से पूछती है कि बेटा तो पेपर देने गया है और तू घर पर बैठा है। मां बाप को भी मै अछूता नही छोडता क्योंकि वे भी अपने बच्चो को नकल करवाने के लिए भागीदार है लेकिन मां बाप तभी अपने बच्चे को नकल करवाएंगे जबकि उनकी डयूटी–स्टाफ के साथ मिली भगत होगी। दूसरा कारण नकल करवाने का यह भी हो सकता है कि अगर किसी सैन्टर में किसी बोर्ड के आदमी का, किसी अफसर का बच्चा या चेयरमैन का बेटा इम्तीहान दे रहा होगा तो दूसरे बच्चे जिन को नकल नही करने दी जाएगी, उनके अन्दर रोश व्याप्त होगा ओर वे भी भाोर मचाएंगे कि अगर सैन्टर के लोग दूसरे बच्चो को नकल करवाएंगे तो हम भी करेंगे। नौबत यहां तक आ जाती है कि भेदभाव बरता जाता है ओर जो लोग डयूटी पर होता है, वे दूसरे बच्चो को नकल नही करने देते। केवल अपने ही जानकार बच्चो को नकल करवाते है। ऐसे स्टाफ को, टीचर्ज को दूसरे बच्चे थ्रैट करते है कि बाहर निकलना, हम आपको देखेगें। चाकू लेकर वे मेज पर बैठ जाते है और कहते है कि अगर दूरे लडके नकल करेगे तो हम भी करेगे। हमारी तरफ कोई आंख उठाकर नही देख सकता। इस तरह की प्रवृति ऐसे बच्चो में तभी आती है, जब चार को तो हम नकल करवांएगे और बाकी को नकल करने से रोंके। अगर सभी का नकल करने से रोका जाए चाहे कोई चेयरमैन का बेटा हो, चाहे किसी बडे अफसर का लडका हो तभी नकल को भी रोका जा सकता है। अगर डयूटी पर लगे लोग अपने अपने में इंट्रेसटिड होगे तो फिर नकल को कैसे रोका जा सकता है।

इसलिए मेरा सुझाव है कि ऐसी हरकत करने वाले आदमी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए और उसके खिलाफ क्रिमिनल केस बनाया जाए। यू0 पी0 में नकल करने वाले और नकल करवाने वाले दोनो के खिलाफ कानून बना है। मै यू0 पी0 में आता जाता रहता हूं क्योकि वहां पर मेरी रि तेदारी है। वहां के लोगो का कहना है कि इस सख्त कदम उठने के बाद एक साल में 80% नकल बन्द हो गई। इसलिए हम भी कोई ऐसा प्रावधान करे तो लाजमी तौर पर यहां पर भी नकल रोकी जा सकेगी। इन्होने कहा कि जब हम पढते थे तो उस जमाने में कालेज लैवल तक भी धार्मिक ि ाक्षा का एक पीरियड हुआ करता था। आज हमारा करैक्टर इस तरह का हो गया है कि हम अपनी सभ्यता को छोडते जा रहे है। मै चाहता हूं कि दूसरी किताबे घटा दो लेकिन धर्म ि ाक्षा का एक पीरियड जरुर होना चाहिए। इसमें स्टूडेटस की हाजिरी भी कम्पलसरी होनी चाहिए। अगर हम बच्चो को नैतिक ि ाक्ष भ्ाुरु से नही देंगे तो उनका करैक्टर अच्छा नही हो सकता। आज कल घर घर में टी0 वी0 रखे हुए है। कही पर केबल टी0 वी0 और कही पर दूसरा है, पता नही इनके कितने नाम रख दिए गए है। आजकल टी0 वी0 पर चौबीस घंटे पिक्चर चलती रहती है। हमारी सरकार को सैंसर बोर्ड और सैंट्रल बोर्ड को लिखना चाहिए ि कइस प्रकार की पिक्चरे आ रही है और वे इस प्रकार की पिक्चरे रिलीज न होने दें। हमारे नै ानल करैक्टर के बारे में पिक्चरे बनाई जाए और उनको टी0 वी0 पर दिखाया जाए। आज अ ालील किस्म की पिक्चरो को रिलीज करके सैंसर

बोर्ड ने हमें नुक्सान पहुंचाया है। मेरा सुझाव है कि मुख्य मंत्री जी इस बारे में सैंट्रल गवर्नमैंट को लिखे कि अ लील पिक्चरे जो रिलीज की जाती है उनको फौरन बन्द किया जाए क्योंकि इनका ने ानल करैक्टर पर बहुत बुरा असर पड रहा है। बच्चे रामायण और महाभारत कम देखते है लेकिन वे पिक्चरे सारी सारी रात बैठ कर देखते है। आज मैक्सीमम धंधा सिनेमाघरो में विडियो द्वारा पिक्चरे दिखा कर किया जाता है और इस तरफ अगली जनरे ान बहुत इंट्रस्टिड हो गई है। इसलिए इसमें सुधान लाने के लिए सैंट्रल गवर्नमैंट को कहना चाहिए। हमे टी0 वी0 पर इस प्रकार की पिक्चरे आने देना चाहिए जिनसे हमारे ने ानल करैक्टर पर अच्छा असर पड सके। मै एक और बात कह कर अपनी बात समाप्त करुंगा। वह बात है खेल कूद के बारे में। यदि बच्चा पढ लिख ले ओर भाारीरिक तौर पर वह ठीक न हो तो उस पढाई लिखाई से उस को कोई लाभ नही होगा। अभी बेरी साहब ने भी बताया और हमने डिपार्टमैंट के अधिकारियो से भी पूछा था कि आपने खेल कूद के जितने भी स्टेडियम बनाए है वे सारे डिस्ट्रिक्ट लैवल पर है। हमने उनसे पूछा कि क्या आप यह समझते है कि देहात में खेल कूद के लिए टैलेंट नह है। मेरा सुझाव है कि देहात के अन्दर भी स्टेडियम बनाए जाएं क्योंकि वहां के टेलेटिड बच्चे को पैसा खर्च करके जिला लैवल पर आने में बहुत दिक्कत आती है। मेरा सुझाव है कि ब्लॉक लैवल पर कम से कम स्टेडियम जरुर बनाए जाएं और वहां पर टेलैंटिड बच्चो को मौका दिया जपाए ताकि वे खेलकूद में भाग ले सके और आगे निकल सकै। इससे

प्रदे ा और दे ा का नाम ऊंचा होगा। जो बच्चे खेल कूद में भाग लेते है उनकी डाइट–मनी देखकर मुझे बडा दुख हुआ। पहले 15 रुपये प्रति बच्चा डाइट–मनी दी जाती थी अब उसको बढाकर 25 रुपए प्रति बच्चा किया है। जो रेसलर है, जब वह प्रैक्टिस करता है तो 25 रुपये में वह क्या बनेगा, वह तो दूध भी पूरा नही पी सकता। इतने पैसे से फ्रूट, ड्राई फ्रूट, और दूध कैसे पूरा मिल सकता है। इसबारे में मै सरकार को सजै ान दूंगा कि सरकार इस बारे में खास तौर पर ध्यान दे कि खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चो को जो डाइट दी जाती है वह पूरी मिलती चाहिए। वे बच्चे स्टेट का नाम उंचा करते है। खेलने के लिए बाहर जाते है, ईनाम लाते है उनको डाइट–मनि पूरी मिलनी चाहिए। अगर कोई गरीब बच्चा खेलकूद में अच्छा है, यदि उसको डाइट पूरी न मिले तो वह क्या करेगा। वह बीच में ही रह जाएगा। इसलिए मेरा सुझाव है कि खेलकूद में भाग लेने वाले बच्चो को डाइट–मनि बढाई जानी चाहिए। किसी बच्चे को फर्स्ट आने पर ईनाम दे दिया जाए यह बहुत अच्छी बात है। जो इस किस्म के बच्चे है जो स्टेट का नाम ऊंचा करते है, कपस लाते है, भील्ड लाते है, उनके बारे में मै यही सजैस्ट करुंगा कि उनको प्रोत्साहन देने के लिए सर्विसिज भी दी जाए ताकि बच्चे यह महसूस न करे कि सरकार हमें जो डाइट मनी देती है उसी पर निर्भर रहता पडेगा। यदि ऐसे बच्चो को नौकरी दे दी जाए तो उसको जो तनख्वाह मिलेगी उससे अपनी डाइट पूरी खा लेंगे। इसलिए मेरा सरकार से सुझाव है कि ऐसे बच्चो को नौकरी अव च दी जानी चाहिए। सर्विसिज में उनकी

रिजर्वे ान होनी चाहिए। इन भाब्दो के साथ मै यही कहूंगा कि चौधरी मनी राम जी जो रैजोल्यू ा लाए है उसको हाउस पारित करे ताकि इस रैजोल्यू ान के हिसाब से हम जो बातें सरकार के नोटिस मे लाए है ि ाक्षा मे जो ,त्रुटियां है उनको सुधारने में कोई सहयोग मिल सके। धन्यवाद।

श्री हरि सिंह नलवा (सम्भालखा): डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी मनी राम जी एजूके ान में सुधार लाने के लिए, जौब ओरिएन्टिड एजूके ान देने के लिएऔर कोपिंग को खत्म करने के लिए जो रैजोल्यू ान हाउस में लाए है, मै उसका अनुमोदन करने के लिए खडा हुआ हूं। हमारा दे ा आजाद हुए 50 साल से भी ज्यादा अर्सा हो चुका है लेकिन बडे दुख के साथ कहना पडता है कि आज 50 साल के बाद भी हमारा एजूके ान सिस्टम केवल नाममात्र का ही है, एजूके ान सिस्टम का कोई बहुत अच्छा इन्तजाम नही है। हमें याद है कि 1947 से पहले जब मै स्कूल में पढा करता था उस समय अंग्रेजो ने हिन्दुस्तान में अंग्रेजी भाशा को पढाना चालू किया था। उन्होने अंग्रजी भाशा पढाना इसलि भुरु नही किया था कि उनको हिन्दुस्तान के बच्चो को पढाने का कोई भाोक था बल्कि इसलिए पढाना भुरु किया था क्योंकि उनको हमारे दे ा की भाशा समझने मे कठिनाई होती थी और उन्होने अपनी किस्म काकाम लेने के लिए व्हाईट कालर्ड लोग पैदा करने के लिए इस सिस्टम को चालू किया था। उस वक्त यह सिस्टम था कि केवल एक किताब होती थी जिससे इंगलि ा पढाई

जाती थी। पांचवी क्लास से ले कर 8वी क्लास तक पढा हुआ आदमी आज एम0 ए0 पास को अपने पास खडा नही होने देता। उस समय पढाई लिखाई टैक्नीकल जौब ओरिएन्टिड नही होती थी, क्योंकि वही लोग पढते थे जिनके पास काफी साधन होते थे, लेकिन जो भी पढते थे वह पढने लिखने में बहुत महारथी थे। लेकिन आज दे ा को आजाद हुए 50 साल से भी ज्यादा का अर्सा हो गया। आज जो बच्चे एम0 ए0, बी0 ए0 कर रहे है उनमें 80 परसैंट ऐसे बच्चो की मैजोरिटी है यदि आज उनको कहें कि आप नौकरी के लिए एक एप्लीके ान लिख कर लाओ तो बडा अफसोस है कि वे नौकरी की एप्लीके ान नही लिख पाते।

डिप्टी स्पीकर साहब, बडे अफसोस की बात है कि आज की टीचर किसी से डरता नही हैं पहले समय में जब हम पढते थे, यदि कोई इंसपैंक्टर स्कूल की इंसपैक ान के लिए चलता था तो टीचर कांपा करता था और बच्चे सारे अटैं ान होते थे। अंग्रेजो ने अपना सारा सिस्टम इस ढंग से बनाया हुआ था कि वे इस दे ा पर राज करते रहें। इसी तरह से उन्होने ि ाक्षा को अपनाया और अंग्रेजी लागू इसलिए कि की वे इस गुलाम दे ा के लोगो से अपना काम ले सके। आज दे ा को जो आजादी मिली उसका कुछ मतलब ही उल्टा हो गया है। आज ऐजूके ान का यह सिस्टम हो गया है कि आज का टीचर न तो एस0 डी0 ई0 ओ0 से डरता है और न ही डायरेक्टर आफ ऐजूके ान से डरता है। इस बारे में मै तो यह कहूंगा कि आज का जो टीचर है और वह

एम0 ए0 पास है, यदि वह बच्चो को मैथमैटिक्स पढाता है 10 वी क्लासके बच्चो को यदि उस किताब में से जिससे वह बच्चो को पढाता है, पेपर सैट कर दिया जाए, 100 नम्बर का और उससे कहा जायेकि वह 90–95 परसैंट नम्बर लेकर दिखाए तो वह 95 परसैंट नम्बर उस में से नही ले सकता जिसको वह खुद बच्चो को पढा रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, यदि इस दे ा को सही दि ाा की तरफ ले जाता है, यहां से बेरोजगारी और गरीबी दूर करती है या छूआछूत को या जात–पात के धर्म को दूर करना है तो यह केवल प्रस्ताव लोन से या नारे लगाने से दूर नही होगा बल्कि इसके लिए हमें बकायदा एक सिस्टम अपनाना होगा। जों आदमी आज सरकार में बैठे है वे केवल इस ओर न देखें कि हमें वोट फिर पडेंगे बल्कि उनको सिस्टम में जो चेंज करना उचित लगे उसे चैंज कर दें। यदि वे सिस्टम ठीक रखेगे तो उनको वोट भी दुबारा मिलेंगे। यानी अच्छा काम करने वालो को हटायेगा कौन? लेकिन आज होता क्या है कि हमारे ही लोग यानी हम पोलिटि ियन लोग ही वोट की खातिर सारे सिस्टम को ढीला छोडते है। जब सिस्टम ही ढीला होगा तो बेकारी भी बढेगी और गरीबी भी बढेगी। हम लोग ही गलत लोगो को प्रोटैक ान देते है। आज के दिन सारा सिस्टम खराब हो गया है। इसके मेरा यह सुझाव है कि यदि इस दे ा को आजाद रखना है, बेरोजगारी मिटानी है, छीना झपटी नही होने देनी है, भ्रश्टाचार मिटाना है और लोगो की गरीबी दूर करनी है तो हमें अपने सारे सिस्टम को बदलना होगा। डिप्टी स्पीकर साहब, आज टीचर खुद क्या है, वह

मै बताता हूं। आज के दिन टीचर स्कूल में टांग पर टांग रखे बैठा रहता है। आज के दिन वह बच्चो को गालिया ंदेकर संबोधित करता है। जब एक टीचर बच्चो से ऐसा व्यवहार करेगा तो वह बच्चो को करैक्टर के बारे में क्या बताएगा, जबकि खुद को उसे करैक्टर के बारे में ज्ञान नही है। असली करैक्टर तो पहले टीचर से भाुरु होता है। आज के दिन हर जगह भ्रश्टाचार बढ रहा है। उसका असर टीचर पर भी पडता है। वह भी सोचता है कि मै भी पीछे क्यों रहूं। दूसरे सभी महकमो में क्प ान के माध्यम से उपरी कमाइ होती है। इसी चीज को ध्यान में रखते हुए टीचर भी अपना स्टैंडर्ड राना चाहता है और इसी भावना से वह बच्चो को कुछ पढाता नही है। पहले समय में टीचर का बहुत आदर होता था। इसलिए मै चाहता हू कि आज के दिन टीचर को नम्बर एक नागरिक का दर्जा दिया जाना चाहिए। पहले जिस टीचर से कोई बच्चा पढा हुआ होता था और जब वह पढ–लिखकर चाहे डी0 सी0 एस0 पी0 या कितने ही बडे ओहदे पर क्यो न लगा हुआ हो, यदि उसका टीचर उसके सामने आ जाता था तो वह उठ कर खडा हो जाता था। मेरे कहने का मतलब है कि चाहे वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का जज ही क्यों न हो, टीचर की पूरी इज्जत और कद्र करता था। आज सिस्टम को सुधारने की जरुरत है। टीचर को सारा रा ान फ्री दे दो, तन्खवाह बढा दो, और चाहे रहने के लिए फ्री मकान की सुविधा दे दो लेकिन उसको यह कहा जाए कि जिस क्लास के बच्चे को वह पढाता है, उसका एक साल बाद उसी सबजैक्ट का पेपर लिया जाएगा जिस सबजैक्ट को वह

बच्चे को पढा रहा है, यदि वह 95 परसैंट नही लाए तो आपको बर्खास्त क दियाजाएगा। हिन्दुस्तान के अन्दर इन्टलैकचुअल लोग पढाने के लिए प्रोफै ान में, ि ाक्षा के प्रोफै ान में नही आते। इस प्रोफै ान में आज उनका दखल नही है क्योंकि इस प्रोफै ान में कोई वि ोश आर्थिक लाभ नही है। आज लोग ि ाक्षा का क्षेत्र छोडकर दूसरे दे ाो की तरफ जा रहे है, दूसरे धंधो के अन्दर घुसने की कोि ा ा करते है। इस क्षेत्र मे इन्टैलैक्चुअल नाम की कोई चीज नही है। आज एजुके ान डिपार्टमैंट में इन्टलैकचुअल नाम की कोई चीज नही रह गई है, यह बात मंत्री महोदय को भी मालुम होगी कि कोई पेपर महकमे के अन्दर जाता है तो उसका पता ही नही चलता ि कवह कहां गया पेपर के पीछे भागना पडता है। यह इंऐफि ोयंसी दे ा के अन्दर किस कारण से है वे सब अच्छी एजुके ान न होने के कारण से है। धर्म बुराईयां दे ा के अन्दर है वे सब अच्छी एजुके ान न होने के कारण से है। धर्म के नाम पर लोगो को लडाना, लोगो का कोई काम न करना, सेवा की कोई भावना न होना, वोट का फोका नारा लगाना। ये सारी बुराईयां हमारे अन्दर ऐजुके ान सिस्टम ठीक न होने की वजह से पनपी है। गांव के अन्दर जहां स्कूल बनाया जाए वहां पर टीचर के रहने के लिए इंतजाम होना चाहिए। आज कोई भी टीचर गांव में नही जाना चाहता, क्योंकि वहां पर मैडिकल और अच्छी ऐजुके ान की फैसिलिटी नही है। जहां वे खुद पढाते है वहा पर अपने बच्चो को नही पढाते है क्योंकि उन्हे मालूम है कि हम तो यहां पर अच्छी तरह से पढाते ही नही, बच्चो का टाईम जाया करते है।

स्कूलो में जो बच्चे पढते है वे न घर के रहते है न बाहर के रहते है और न ही दे ा के काम के बनते है। वे निकम्मे बनते है और बुराईयो का ढेर अपने गले में लपेट कर स्कूलो से निकलते है, इससे समाज का सत्याना ा होता है। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बारे में मेरा यह सुझाव है कि इस दे ा के अन्दर टीचर को नम्बर एक का नागरिक माना जाना चाहिए। हरियाणा की सरकार तो बडी प्रोग्रेसिव सरकार है। इस मामले में अगर यह स्टेट सारे दे ा में यह पहले कर दे तो दूसरी स्टेटस इसके नक ो कदम पर चलेंगी। मै समझता हूं कि सारे दे ा के प्रान्तो में हरियाणा ही एक ऐसा प्रदे ा है जो ऐसा कदम उठा सकता है। यह सरकार बहुत ही प्रोग्रेसिव माइंड के मिनिस्टरो की सरकार है। यह सरकार साधन सम्पन्न होती जा रही है और साधन सम्पन्न है भी। इस स्टेट में रिसोर्सिज भी बडे है। दिल्ली के नागरिक होने के कारण वहां से जल्दी पैसा लाने में भी कोई दिक्कत नही होती, क्योंकि एक दिन में दो बार दिल्ली जाया जा सकता है। अगर केरल का कोई मंत्री दिल्ली एड लेने आये तो उसको दोबारा आने में 3–3 महीने का टाईम लगेगा जब कि हरियाणा का मंत्री एड लेने दिल्ली जाए तो 10 दिन में ही चक्कर लगा सकता है और वह अपनी प्रोब्लम जल्दी हल कर सकता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मै समझता हूं कि हरियाणा स्टेट की कैपेसिटी है कि यहां पर ऐजुके ान डिपार्टमैंट को नम्बर वन बनाया जा सकता है। टीचर्ज के ग्रेड हरियाणा स्टेट की सारी सर्विस से उपर ले जाए जा सकते है। उनके लिए खाने पीने का उचित प्रबंध करना चाहिए और गावों के अन्दर जहां भी

स्कूल हो चाहे वे टैक्नीकल ऐजुके ान के हो या दूसरे ऐजुके ान के इंस्टीच्यू ान्ज हो टीचर्ज के रहने के लिए क्वार्टरज बनाए जाने चाहिए ताकि टीचर्ज को गावों में रहने में कोई असुविधा न हो। टीचर्ज की क्लोनिज बनाई जाए जहां पर पढे लिखे इन्टैलैक्चुअल लोग हो। उनकी चिकित्सा का भी पूरा इन्तजाम होना चाहिए। उनको हर चीज फेयर भाौप्स से सस्ते दामो पर मिलनी चाहिए। मै समझता हूं तभी इस दे ा के इन्टैलैक्चुअल लोग इस डिपार्टमैट में आएंगे और अच्छी तरह से अच्छी से अच्छी ि ाक्षा बच्चे को देंगे, तभी स्पोर्टस का काम बाडी बिल्डिंग का काम, ने ानल करैक्टर का काम, अच्छी ऐजुके ान का काम, जाब ओरिएन्टिड ऐजुके ान का काम, टैक्नीकल ऐजुके ान का काम ठीक ढंग से हो पाएगा, उनको अच्छे विचार दिए जाने चाहिए ताकि हर बच्चो अच्छी प्रकार से ि ाक्षा प्राप्त कर सके। इस प्रकार के अन्स्टीच्यु ान्ज ओर माहौल पैदा करना चाहिए जिसमें बच्चे पढ कर आगे निकलें और आगे बढ कर खुद टीचर बनेगे तो वे नकल नही करने देंगे। जिन बच्चो को बचपन से ही अच्छी ि ाक्षा दी जाएगी, वे खुद पढ कर आगे बढेगे और जब खुद टीचर्ज बनेगे तो नकल नही करने देंगे। नकल की बिमारी कानुन बनाने से बन्द होने वाली नही है। बच्चो के अन्दर मोरल करैक्टर पैदा करके ही इसे दूर किया जा सकता है। जैसे कानून तो बना हुआ है कि अगर ए दूसरे का कत्ल नही करना लेकिन फिर भी कत्ल होते है और डकैती की जाती है। इसमें कानून का इतना बडा रोल नही है जितना भारी रोल इंसान के करैक्टर का है। इंसान का करैक्टर बचपन से ही बना दिया

जाए, उसको दे ा भक्त बना दिया जाए। वह तभी दे ाभक्त बनेगा जब हमारे टीचर आद र्ावादी होगे। उनके द्वारा पढाये हुए बच्चे डाक्टर बनेगे इंजीनियर बनेंगे और टीचर बनेंगे लेकिन आज के डाक्टर और इंजीनयर्ज के क्या हालात है? आज का इंजीनियर बिल्डिंग बनाने के नये नये तरीके निकालता है कि इतनी बिल्डिंग बनानी है तो इसमें इतना सीमेंट लगेगा। किस किस्म का मैटीरियल लगाएं, कैसे पैसा बचाया जाए और कैसे ठेकेदार से मिलकर किस किस्म का काम लिया जाए। उस बिल्डिंग की लाइफ कितनी होगी? वे यह नही सोचते यह सब ि ाक्षा का डिफैक्ट है, करैक्टर का डिफैक्ट है। अगर उनको भ्ाुरु से ही अच्छी ि ाक्षा दी जाए तो वे इस बारे में दे ा के साथ गन्दा काम करना तो दूर, सोचेंगे भी नही। यही काम डाक्टर्ज का है। आज हास्पीटल के अन्दर जाएं तो वहां क्या हाल है? हम गावों मे हर रोज देखते है कि आपस में झगडा होता है और पांच सौ रुपये देकर झूठा दफा 323 और 325 का मैडिकल सर्टिफिकेट ले आते है। जब उनके पास जाकर इस बारे में कंसल्ट किया जाता है तो वे इस बारे में लाचार हो जाते है। यह सारा ऐजूके ान सिस्टम का कसूर है। हमारे टीचर्ज इतने ऐफि ाएंट नही है, आधे पढे लिखे है तो इस प्रकार की बुराईयां समाज के अन्दर जरुर आएंगी और इनको कोई रोक नही सकता है। सरकार टीचर्ज को प्रान्त के अन्दर एक नम्बर का दर्ज दे और सभी गवर्नमैंट इम्पलाईज से ज्यादा तनख्वाह होनी चाहिए। जब आप इन पोस्ट्स को इकोनोमिक बनाएंगे तो इन्टैलैक्चुअल बनाएंगे तो लोग इनकी तरफ आकर्शित

होकर आएंगे। इससे मै समझता हूं कि हमारे दे ा में जब इस किस्म की ि ाक्षा होगी तो हमारे इंजीनियर्ज और डाक्टर्ज इन्टैलीजैन्ट होंगे। आज भी हमारे डाक्टर और इंजीनियर जीनियस है, वे दे ा के किसी भी कोने में चले जाएं, कामयाब होते है। वे दूसरे दे ाो में जाकर वहां के बडे साइन्टिस्टो से मिलकर सुपर पावर बना सकते है। संसार में कौन सा ऐसा दे ा है जहां हिन्दुस्तानी का दिमाग न बैठा हो। आप सऊदी अरब को देख लिजिए वहां पर सारी सडके, बिल्डिंगे और पुल सारे के सारे काम हिन्दुस्तानी कंट्रैक्टर्ज ने किए है वहां पर उनका आर्थिक आकर्शण है वैसे वे वहां रहना नही चाहते है। यहां का ऐजुके ान सिस्टम चेंज करके टैक्नीकल कर दिया जाए तो काफी तरक्की होगी। जहां तक बच्चो का सवाल है कि उन्हे किस लाइन में जाना चाहिए, यह माता–पिता की बात नही है कि वे बच्चे की लाइन के बारे में सोचे। यह तो बच्चे की पैदाइ ाी–रुचि होनी चाहिए कि वह किस लाइन में जाएगा। अपने प्रौफै ान को चूज करने के लिए बच्चो फ्री होना चाहिए। लोग बच्चो को पब्लिक स्कूलो में पढाना चाहते है पर वहां दाखिला नही मिलता और सरकारी स्कूलो में पढाई नही होती इसलिए वे उन दुकानो में चले जाते है जहां 100 परसैंट अच्छी पढाई होती है। यह दुकाने हम इसलिए चला रहे है कि हमारा एजूके ान सिस्टम ठीक नही है। अगर हमारा एजुके ान सिस्टम ठीक हो जाए तो पब्लिक स्कूल नही खुलेंगे। आप चाहे किसी तरह का कानून बना दो पर इस दे ा के नागरिको के पल्ले कुछ नही पडेगा, फिर भी वे पब्लिक स्कूलो में

जाएंगे। इसलिए मेरा निवेदन है कि हमें दे ा को मजबूत बनाने के लिए अपने एजुके ान सिस्टम में सुधार लाना चाहिए।

Mr. Deputy Speaker: Nalwa Sahab] you will resume your speech on the next non-official day. Now you please take your seat.

13.30 Hrs.

(The House stands adjourned till 9:30 a.m on Friday. the 5th March, 1993)